प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

16 जून 2023

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना 2023-24 शृंखला I - निर्गम मूल्य

भारत सरकार की अधिसूचना एफ सं.4(6)-बी(डब्ल्यूएंडएम)/2023 और भारतीय रिज़र्व बैंक की दिनांक 14 जून 2023 की प्रेस प्रकाशनी के अनुसार, सॉवरेन स्वर्ण बॉन्ड योजना 2023-24– शृंखला I, अभिदान के लिए 19-23 जून 2023 के दौरान खुली रहेगी। बॉण्ड का सांकेतिक मूल्य अभिदान की अवधि के पहले के सप्ताह के पिछले तीन कारोबारी दिवसों अर्थात् 14 जून, 15 जून और 16 जून 2022 के 999 शुद्धता वाले स्वर्ण के बंद भाव [इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित] के साधारण औसत के आधार पर तय किया गया है, जो स्वर्ण का ₹5,926/- (पाँच हजार नौ सो छब्बीस रुपये मात्र) प्रति ग्राम है।

भारत सरकार ने भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से उन निवेशकों के लिए सांकेतिक मूल्य पर प्रति ग्राम ₹50/- की छूट देने का निर्णय लिया है जो इसका आवेदन ऑनलाइन तथा आवेदन के एवज में भुगतान डिजिटल माध्यम से करेंगे। ऐसे निवेशकों के लिए स्वर्ण बॉण्ड का निर्गम मूल्य स्वर्ण का ₹5,876/- (पाँच हजार आठ सौ छिहत्तर रूपये मात्र) प्रति ग्राम होगा।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/426